**शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न-पत्र 1**

**कक्षा XII**

**अर्थशास्त्र (030)**

**सत्र-(2023-24)**

**निर्धारित समय** : 3 घंटे **अधिकतम अंक** - 80

**सामान्य निर्देश:-**

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:-

खण्ड: क (समष्टि अर्थशास्त्र)

खण्ड: ख (भारतीय आर्थिक विकास)

2. इस प्रश्न पत्र में 20 अति लघु उत्तरीय प्रश्न/बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का अंक 1 हैं। ।
3. इस प्रश्न पत्र में 3 अंकों के चार लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 60 से 80 शब्दों में देना होगा।
4. इस प्रश्न पत्र में 4 अंकों के छह लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 80 से 100 शब्दों में देना होगा।
5. इस प्रश्न पत्र में 6 अंकों के चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 100 से 150 शब्दों में देना होगा।

| **प्रश्न संख्या** | **खण्ड : क (समष्टि अर्थशास्त्र)** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्यन्न कीजिये:-<br>**कथन 1:** सम-स्तर बिंदु पर, उपभोग निवेश के बराबर होता है।<br>**कथन 2:** उपभोग आय का एक धनात्मक फ़लन है।<br>दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिये:-<br>(अ) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(ब) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 2 | यदि GDP > GNP, हो तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?<br>(अ) मूल्यह्रास < 0<br>(ब) NFIA > 0<br>(स) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर < 0<br>(द) NFIA < 0 | 1 |
| 3 | ____________________का मान ऋणात्मक हो सकता है।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>(अ) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति<br>(ब) औसत उपभोग प्रवृत्ति<br>(स) सीमान्त बचत प्रवृत्ति<br>(द) औसत बचत प्रवृत्ति | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की प्रेस रिपोर्ट, दिनांक 22 जून, 2022 के अनुसार:-<br>"शुद्ध विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में मुख्य रूप से शेयर बाजार से 15.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बहिर्वाह दर्ज किया गया।"<br>उपरोक्त लेन-देन भारत के भुगतान संतुलन के _____________ खाते में _____________ पक्ष में दर्ज किया जाएगा । (रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>(अ) चालू, जमा<br>(ब) चालू, नाम<br>(स) पूँजीगत, नाम<br>(द) पूँजीगत, जमा | 1 |
| 5 | "वस्तु विनिमय प्रणाली ने आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या उत्पन्न की, जो विशाल अर्थव्यवस्थाओं में कई गुना बढ़ गई।"<br>उपरोक्त दिए गए कथन के आधार पर, मुद्रा के कार्य की पहचान कीजिये:-<br>(अ) विनिमय का माध्यम<br>(ब) मूल्य का संचय<br>(स) मापक की इकाई<br>(द) स्थगित भुगतान का माप | 1 |
| 6 | यदि अर्थव्यवस्था में वाणिज्यिक बैंक अपने पास माँग जमाओं के प्रत्येक ₹ 100 में से ₹ 80 उधार देने में सक्षम हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सत्य है, यदि RR = आरक्षित अनुपात, CM = साख गुणक हैं ।<br>**विकल्प :-**<br>(अ) RR = 20%, CM = 20<br>(ब) RR = 80%, CM = 20<br>(स) RR = 20%, CM = 5<br>(द) RR = 80%, CM = 5 | 1 |
| 7 | निम्नलिखित में से कौन-सा समग्र माँग का घटक नहीं है?<br>(अ) उपभोग<br>(ब) निवेश<br>(स) बचत<br>(द) निर्यात | 1 |
| 8 | सही कारण/कारणों की पहचान कीजिये, जो किसी अर्थव्यवस्था में विदेशी विनिमय की पूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं।<br>I) दृश्य मदों का आयात<br>II) अदृश्य मदों का निर्यात<br>III) विदेश में काम करने वाले निवासियों द्वारा संप्रेषण<br>IV) विदेश में संपत्ति की खरीद<br>**विकल्प :-** | |

| | | |
|---|---|---|
| | (अ) I तथा II<br>(ब) II तथा III<br>(स) III तथा IV<br>(द) I तथा IV | 1 |
| 9 | मान लीजिए किसी अर्थव्यवस्था के लिए दिया गया है :-<br>1. APS = 0.35<br>2. Y =1200, उपभोग का स्तर क्या होगा?<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>(अ) 420<br>(ब) 780<br>(स) 750<br>(द) 550 | 1 |
| 10 | चालू खाता अधिशेष इंगित करता है कि :-<br>(अ) आयात निर्यातों से अधिक है।<br>(ब) उधार निवेश से अधिक हैं।<br>(स) व्यापार संतुलन में आधिक्य है ।<br>(द) निर्यात आयातों से अधिक है।<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये) | 1 |
| 11 | 'व्यापार संतुलन और चालू खाता संतुलन, एक ही और समान हैं।'<br>क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में उचित कारण दीजिए। | 3 |
| 12 | (अ) दिए गए आँकड़ों के आधार पर घरेलू आय के मूल्य का आकलन कीजिये: - | 3 |

| क्रम संख्या | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| i | मूल्यह्रास | 50 |
| ii | घरेलू बिक्री | 500 |
| iii | स्टॉक में परिवर्तन | (-)50 |
| iv | निर्यात | 30 |
| v | एकल उपयोग वाली उत्पादक वस्तुएँ | 200 |
| vi | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 20 |

**अथवा**

(ब) निम्नलिखित के अर्थ बताइये: -

(i) मूल्यह्रास (ii) अंतिम वस्तुएँ (iii) राष्ट्रीय आय — 3

| | | |
|---|---|---|
| 13 | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था, जो कि संतुलन में है, निम्नलिखित आँकड़ों से सीमांत बचत प्रवृत्ति की गणना कीजिये :-<br>I. राष्ट्रीय आय = 2500<br>II. स्वायत्त निवेश = 500<br>III. स्वायत्त उपभोग = 250 | 4 |
| 14 | (अ) "किसी अर्थव्यवस्था में, प्रत्याशित बचत प्रत्याशित निवेश से अधिक है।" उत्पादन, आय और रोजगार के स्तर पर इसके संभावित प्रभाव का विस्तार से वर्णन कीजिये: - | 4 |
| | **अथवा** | |
| | (ब) "मुद्रास्फीति को कम करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को उससे उधार लेने से हतोत्साहित करने का प्रयास करता है।"<br>भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए इस कदम के पीछे तर्क पर विवचना कीजिये । | 4 |
| 15 | भारतीय रिज़र्व बैंक के 'सरकार का बैंक' कार्य का सविस्तार वर्णन कीजिये। | 4 |
| 16 | (अ) दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित की गणना कीजिये:-<br>(i) राजकोषीय घाटा | 3 |
| | (ii) राजस्व घाटा | 2 |

| क्रम संख्या | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | राजस्व प्राप्तियाँ | 25 |
| (ii) | पूँजीगत व्यय | 15 |
| (iii) | राजस्व व्यय | 30 |
| (iv) | गैर-ऋण पूँजीगत प्राप्तियाँ | 30 |
| (v) | ब्याज भुगतान | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ब) सार्वजनिक वस्तुएँ सरकार द्वारा क्यों उपलब्ध कराई जानी चाहिए? | 1 |
| | **अथवा** | |
| | (स) सरकारी बजट के 'आय के पुनर्वितरण' उद्देश्य की व्याख्या कीजिये । | 3 |
| | (द) '*उज्ज्वला योजना* के तहत सरकार समाज के आर्थिक रूप से आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को मुफ्त LPG कनेक्शन प्रदान करती है।'<br>दिए गए कथन में सरकारी व्यय की प्रकृति की पहचान और व्याख्या कीजिये । | 3 |
| 17 | (अ) राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय निम्नलिखित के साथ कैसा व्यवहार किया जाएगा? उचित कारण बताते हुए स्पष्ट कीजिये ।<br>(i) विदेशों से प्राप्त उपहार।<br>(ii) भारत में ड्यूश बैंक की एक शाखा द्वारा अर्जित लाभ। | 3 |
| | (ब) "एक परिवार द्वारा खरीदा गया रेफ्रिजरेटर एक पूँजीगत वस्तु है।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के लिए उचित कारण दीजिए। | 3 |

| खण्ड: ख (भारतीय आर्थिक विकास) | | |
|---|---|---|
| 18 | 1991 के आर्थिक सुधारों के संदर्भ में असत्य कथन की पहचान कीजिये :-<br>(अ) विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से भरने के लिए रुपये का अवमूल्यन किया गया ।<br>(ब) कुछ उत्पादों को छोड़कर अधिकांश उत्पादों के लिए लाइसेंस प्रणाली समाप्त कर दी गई।<br>(स) निजी कंपनियों को सरकारी नियंत्रण में लाया गया।<br>(द) कर की दरें कम कर दी गईं। | 1 |
| 19 | निम्नलिखित में से कौन-सा एक आर्थिक समूह नहीं है?<br>(अ) BRICS<br>(ब) SAARC<br>(स) ASEAN<br>(द) NATO | 1 |
| 20 | निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि क्षेत्र में मुख्य सुधारों में शामिल है:-<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>I. अधिक उपज देने वाली किस्मों (HYV) का उपयोग<br>II. भूमि अधिकतम सीमा निर्धारित करना<br>III. जैविक खाद एवं कीटनाशकों का प्रयोग<br>IV. जमींदारी प्रथा का उन्मूलन<br>**विकल्प :-**<br>(अ) I, II, IV<br>(ब) I, II, III<br>(स) II, III, IV<br>(द) I, III, IV | 1 |
| 21 | दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिये और प्रश्न का उत्तर दीजिये:<br><br><br>आय के स्थिरता के लिए ग्रामीण परिवार विभिन्न गतिविधियाँ अपनाते हैं। ऐसी एक गतिविधि जैसी चित्र में दिखाई गई है, _______________ कहलाती हैं।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>(अ) फसल चक्र<br>(ब) बहुफसलीकरण<br>(स) बाग़बानी<br>(द) मुर्गी पालन | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 21 के लिए**<br>आय के स्थिरता के लिए ग्रामीण परिवार विभिन्न गतिविधियाँ अपनाते हैं। ऐसी गतिविधि जहाँ खेतों में एक से अधिक फसलें उगाई जाती हैं, ______________ कहलाती हैं।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>(अ) फसल चक्र<br>(ब) बहुफसलीकरण<br>(स) बाग़बानी<br>(द) मुर्गी पालन | 1 |
| 22 | निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन(A):** औपनिवेशिक शासन के तहत भारत एक मजबूत औद्योगिक आधार विकसित नहीं कर सका।<br>**कारण(R):** किसी भी आधुनिक औद्योगिक आधार को अंग्रेजों द्वारा स्थापित नहीं होने दिया गया ।<br>**विकल्प :-**<br>(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है\|<br>(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है\|<br>(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है\|<br>(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है\| | 1 |
| 23 | चीन में, विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए, _________________ की स्थापना की गई।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>(अ) कम्यून प्रणाली<br>(ब) ग्रेट लीप फ़ॉर्वर्ड<br>(स) दोहरी कीमत नीति<br>(द) विशेष आर्थिक क्षेत्र | 1 |
| 24 | ____________ की स्थापना 1982 में ग्रामीण वित्तपोषण प्रणाली में शामिल सभी संस्थानों की गतिविधियों के समन्वय के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में की गई थी।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>(अ) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)<br>(ब) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)<br>(स) स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)<br>(द) सहकारी समितियाँ | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | शिशु मृत्यु-दर को _______________ में वर्गीकृत किया गया है ।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>(अ) आर्थिक सूचकांक<br>(ब) स्वतंत्रता सूचकांक<br>(स) स्वास्थ्य सूचकांक<br>(द) जनांकिकीय सूचकांक | 1 |
| 26 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्यन्न कीजिये:-<br>**कथन 1**: प्रच्छन्न बेरोजगारी शहरी क्षेत्र की एक विशेषता है।<br>**कथन 2**: शहरी क्षेत्र में रोजगार में भागीदारी की दर ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में बेहतर है।<br>दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिये:-<br>(अ) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(ब) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 27 | दिए गए कॉलम । से संबंधित विकल्पों का कॉलम ।। से मिलान करके गलत युग्म की पहचान कीजिये:- (table below)<br>**विकल्प :-**<br>(अ) A - I<br>(ब) B - II<br>(स) C - III<br>(द) D - IV | 1 |
| 28 | (अ) "भारत में औपनिवेशिक सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियाँ भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की अपेक्षा, अपने देश के आर्थिक हितों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए अधिक चिंतित थीं"<br>उपरोक्त कथन के समर्थन के लिए ब्रिटिश सरकार की किन्हीं तीन नीतियों की सूची बनाइएं।<br>**अथवा**<br>(ब) "निर्यात अधिशेष के परिणामस्वरूप भारत में स्वर्ण या चाँदी का कोई प्रवाह नहीं हुआ।"<br>उचित कारणों सहित उपरोक्त कथन की व्याख्या कीजिये । | 3<br><br>3 |
| 29 | मानव पूँजी-निर्माण की तुलना में मानव विकास एक व्यापक अवधारणा कैसे है । स्पष्ट कीजिये । | 3 |

Table for Q27:

| | **कॉलम ।** | | **कॉलम ।।** |
|---|---|---|---|
| A | भारत | (i) | 2016 में नोटबंदी |
| B | चीन | (ii) | बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण |
| C | ग्रेट लीप फ़ॉर्वर्ड | (iii) | 1991 |
| D | पाकिस्तान | (iv) | मध्य पूर्व से संप्रेषण |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | "पाकिस्तान द्वारा अपनाई गई विभिन्न आर्थिक नीतियों को देखते हुए, आपको भारत के साथ कई समानताएँ दिखाई देंगी।"<br>अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्कों के साथ दिए गए कथन की पुष्टि कीजिये । | 4 |
| 31 | (अ) उचित कारणों सहित स्पष्ट कीजिये कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य ।<br>(i) कृषि के विविधीकरण से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है।<br>(ii) जैविक-खेती पारंपरिक कृषि से बेहतर है।<br>**अथवा**<br>(ब) "भारत में कार्यबल का अनौपचारीकरण एक बढ़ती हुई चिंता का विषय है।" स्पष्ट कीजिये । | 2<br><br>2<br><br>4 |
| 32 | <br>दिए गए चित्र में दर्शाई गई स्थिति का अध्ययन कीजिये। इस संकेतित स्थिति का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा ।<br><br>**<u>दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 32 के लिए</u>**<br>ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्त्रोतों के उपयोग के कोई चार लाभों का उल्लेख कीजिये । | 4<br><br>4 |
| 33 | (अ) "औद्योगिक नीति 1956, भारत के औद्योगीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर था।"<br>अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताते हुए कथन की पुष्टि कीजिये ।<br><br>(ब) "आर्थिक विकास के लिए समता नहीं, समानता आवश्यक है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।<br><br>**अथवा**<br><br>(स) "पहली सात योजनाओं में, व्यापार की विशेषता थी, जिसे सामान्यतः **अंतर्मुखी व्यापार रणनीति** कहा जाता है।" दिए गए कथन के सन्दर्भ में, घरेलू उद्योगों को विदेशी-प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए भारत सरकार द्वारा उपयोग में लाए गए उपकरणों की व्याख्या कीजिये । | 3<br><br>3<br><br>3 |

| | | |
|---|---|---|
| | (द) “हालांकि सब्सिडी किसानों को नई तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है, लेकिन सरकारी वित्त पर एक बड़ा बोझ हैं।“<br>इस कथन के सन्दर्भ में सब्सिडी की उपयोगिता पर चर्चा कीजिये । | 3 |
| 34 | **निम्नलिखित अनुच्छेद का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये।**<br>भारत में मत्स्य-पालन क्षेत्र अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो न केवल विकास को गति दे रहा है बल्कि आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन रेखा के रूप में भी काम कर रहा है। आय और रोजगार के एक शक्तिशाली जनक के रूप में पहचाने जाने वाले, भारतीय मत्स्य-पालन के विकास में पर्यावरणीय, तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक कारक शामिल हैं, जो सदियों से चली आ रही एक गतिशील प्रक्रिया को दर्शाते हैं।<br>यह क्षेत्र आजीविका, रोजगार और उद्यमशीलता के एक मजबूत स्रोत के रूप में कार्य करता है, जो विकास श्रृंखला में प्राथमिक स्तर पर अतिरिक्त रोजगार के अवसरों के द्वारा 2.8 करोड़ से अधिक मछुआरों और मछली किसानों को प्रभावित करता है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश, वैश्विक मछली उत्पादन में 8% हिस्सेदारी रखता है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर, भारत एक प्रमुख झींगा उत्पादक और निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए, जलीय कृषि उत्पादन में दूसरा स्थान हासिल करता है।<br>हाल के वर्षों में, भारत के मत्स्य-पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश देखा गया है। केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित नीली-क्रांति योजना, मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (FIDF), प्रधान-मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और PMMSY के तहत 6,000 करोड़ रुपये की उप योजना जैसी पहलों के माध्यम से इस क्षेत्र के समग्र विकास की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। वर्ष 2020-21 से लागू प्रमुख योजना, प्रधान - मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY), देश के मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में अब तक के सबसे अधिक निवेश का प्रतिनिधित्व करती है।<br>यह निवेश की रणनीति प्रभावशाली परिणाम दे रही है । पिछले तीन वर्षों में अकेले PMMSY के तहत 14,656 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस क्षेत्र के लचीलेपन और परिवर्तनकारी विकास को रिकॉर्ड राष्ट्रीय मछली उत्पादन द्वारा और अधिक बढ़ावा मिल गया है, जिसमें 2013-14 के बाद से 81% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2021-22 के अंत में 162.48 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है। 2022-23 में उत्पादन 174 लाख टन से अधिक होने का अनुमान लगाने वाले अनंतिम आंकड़ों के साथ, भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र न केवल अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करता है, बल्कि समकालीन युग में नवाचार और समृद्धि का मार्ग भी दर्शाता है।<br>*स्रोत: रोजगार समाचार, 9-15 दिसंबर, 2023*<br>दिए गए अनुच्छेद के ध्यानपूर्वक अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | |
| | (i) मत्स्य पालन क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक क्यों माना जाता है? | 2 |
| | (ii) भारत सरकार द्वारा मत्स्य पालन के उत्थान के लिए कौन-सी योजनाएँ लागू की गई हैं? इसकी प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? | 4 |